जय बाबा की बोल के | by Paritosh-Mini

शीश का दानी बैठ गया है आज खज़ाना खोल के
लेने वाले लेते जाओ जय बाबा की बोल के

ये दानी दातार है लीले का असवार है
गूँज रही सारे जग में इनकी जय जयकार है
देख भावना भक्तों की ये देता तोल तोल के
लेने वाले लेते जाओ जय बाबा की बोल के

जैकारे की महिमा को किसी किसी ने जाना है
नरसी मीरा कर्मा ने और रसखान ने माना है
जो जयकारे लगाए दिल से ये देता दिल खोल के
लेने वाले लेते जाओ जय बाबा की बोल के

रोडपति पति को करोड़पति झट से श्याम बनाता है
इनको धोखा देने वाला खुद ही धोखा खाता है
नाम खज़ाना मन्नू बाँट रहा है बिना मोल के
लेने वाले लेते जाओ जय बाबा की बोल के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%87-by-paritosh-mini/